# नरसिंहपुर हाथीनाला केस में बड़ा खुलासाः सड़क हादसा नहीं, पांच युवकों की सुनियोजित हत्या, डॉक्टर समेत आठ गिरफ्तार



नरसिंहपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के चर्चित हाथीनाला केस में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए दावा किया है कि पांच युवकों की मौत सड़क हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या थी। पुलिस के अनुसार, वारदात की साजिश करीब एक माह पहले रची गई थी और आरोपियों ने युवकों की लगातार रेकी कर घटना को अंजाम दिया। मामले में एक डॉक्टर समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीन आरोपी अब भी फरार हैं।शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने बताया कि जांच में सामने आया है कि घटना वाले दिन शाम 5 से 6 बजे के बीच हाथीनाला क्षेत्र में आरोपियों और मृतकों के बीच विवाद और मारपीट हुई थी। इसके बाद रात करीब 8 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर दो हाईवा वाहनों की मदद से युवकों को निशाना बनाया गया। घटनास्थल से मिले ट्रक के टूटे हिस्से और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस जांच आगे बढ़ी।पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी आनंद राजपूत और मृतक राजेंद्र लोधी के बीच पुराने विवाद, अवैध रेत कारोबार और आपराधिक गतिविधियों को लेकर लंबे समय से रंजिश थी। आरोप है कि वारदात से पहले आरोपियों ने अलग-अलग स्थानों पर लोगों को निगरानी के लिए तैनात किया था, ताकि युवकों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। जांच में यह भी सामने आया कि डॉ. अमित खरे और मृतक राजेंद्र लोधी के बीच रुपये के लेनदेन और एक मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) को लेकर विवाद था। पुलिस का आरोप है कि राजेंद्र लोधी डॉक्टर को ब्लैकमेल कर रहा था। इसी विवाद के बाद डॉक्टर ने मुख्य आरोपी आनंद राजपूत से संपर्क किया और कथित रूप से हत्या की साजिश रची गई।

**आठ अआरोपी गिरफ्तार, तीन की तलाश जारी**

पुलिस ने इस मामले में डॉ. अमित खरे, राजा पटेल, अनुज ठाकुर, आनंद लोधी, भारत सिंह, अनिल पटेल, अरविंद्र लोधी और नरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं अनिल, ऋतुराज और प्रीतम अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गौरतलब है कि बीती रविवार, 19 जुलाई को जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर हाथीनाला के पास छह दोस्त पिकनिक मनाकर लौट रहे थे।

## कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम भंवरी एवं पिपलोदा द्वारकाधीश का किया भ्रमण

राजगढ़,(ए.) कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को उज्जैन ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम भंवरी एवं पिपलोदा द्वारकाधीश का भ्रमण कर विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान ग्राम भंवरी में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित ग्राम निर्माण के उद्देश्य से 500 आम के पौधों का पौधरोपण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित एवं संतुलित वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने ग्रामीणों से पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी आग्रह किया।इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश में ग्रामीणजनों से संवाद स्थापित कर केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही दस्तक अभियान के अंतर्गत निरीक्षण कर संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध लाभ पहुँचाने तथा ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

# देवशयनी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



राजगढ़,(ए.)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में ब्यावरा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर शनिवार को आस्था के विराट संगम का साक्षी बना। सुबह मंगला आरती के साथ शुरू हुए दर्शन पूरे दिन अनवरत चलते रहे। मंदिर समिति के अनुसार, दिनभर में बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर और आसपास के मार्ग जय श्री श्याम के जयघोषों से गूंज उठे, जिससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में रंग गया।मालवा अंचल सहित आसपास के गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित मंदिर पहुंचे। एकादशी पर बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से दरबार को मनमोहक रूप दिया गया। रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा, आकर्षक फूलों की सजावट और सुगंधित वातावरण ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। दिनभर विशेष पूजन,भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन होता रहा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के गांवों से निकली भव्य निशान यात्राओं ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया।

ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते मंदिर पहुंचे और बाबा श्याम को निशान अर्पित किए। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समिति, जिला प्रशासन, पुलिस, नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने सुरक्षा एवं यातायात की व्यापक व्यवस्थाएं की थीं।सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था के चलते पूरे दिन श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्वक बाबा श्याम के दर्शन किए और आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। हिंदू मान्यता के अनुसार देवशयनी एकादशी से भगवान विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं और इसी के साथ चातुर्मास का शुभारंभ होता है।

## गोबर गैस टंकी की सफाई के दौरान मेढ़ पैर फिसला युवक की मौत

अनूपपुर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र के सेमरवार गांव में गोबर गैस टंकी में गिरने से 40 वर्षीय अजय सिंह राठौर की मृत्यु हो गई। घर के पास बनी टंकी की सफाई के दौरान पैर फिसलने से यह हादसा हुआ, जिसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों के अनुसार अजय सिंह राठौर पिछले 20 वर्षों से अपने घर के पास बने गोबर गैस कुएं की सफाई का काम करते आ रहे थे। शुक्रवार शाम जब वह टंकी की सफाई के लिए पहुंचे, तो अचानक कुएं की मेढ़ पर उनका पैर फिसल गया और वह सीधे गोबर से भरे कुएं के अंदर जा गिरे। इस दौरान घर में मौजूद मां और पत्नी ने कुएं की तरफ से मदद की आवाज सुनी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने अजय को गोबर के बीच फंसा देखा और तुरंत पड़ोसियों को बुलाया। स्थानीय लोगों की मदद से अजय को बाहर निकालकर उनके शरीर की सफाई की गई। चोट की आशंका को देखते हुए परिजन अजय को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी लेकर रवाना हुए। जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई, स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. हिमांशु पांडे ने जांच कर उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर की सूचना पर जैतहरी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। मृतक के पिता विजय सिंह राठौर किशोर न्याय बोर्ड अनूपपुर के सदस्य हैं। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोग स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

# कलेक्टर श्री सिंह ने लिया बरगी बांध में जल भराव की स्थिति का जायजा



जबलपुर (ए.)। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आज बरगी बांध पहुंचकर वहाँ जल भराव की स्थिति और नहरों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बांध की वर्तमान जल स्तर की जानकारी लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में बरगी डैम का जल स्तर 413.75 मीटर पहुंच चुका है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने बरगी बांध की दाईं तट नहर का भी जायजा लिया।

अधिकारियों ने बताया कि सिंचाई के लिए वर्तमान में 15 क्यूमेक पानी प्रवाहित किया जा रहा है। वहीं दाईं तट नहर में शुरुआत से लेकर 6.94 किलोमीटर तक पानी के बहाव में किसी भी प्रकार का कोई अवरोध नहीं है। यह पानी जबलपुर, पनागर और सिहोरा तक जायेगा, जहां के किसानों को सिंचाई के लिए इसका लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी के प्रवाह की लगातार मॉनिटर की जाए। साथ ही नहरों की सफाई व रखरखाव पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि पानी की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के मिलती रहे। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, एसडीएम अभिषेक सिंह तथा संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों के अवैध परिवहन पर आरटीओ का विशेष अभियान- चार वैन जब्त

इन्दौर (ए.)। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार स्कूली बच्चों के अवैध एवं असुरक्षित परिवहन के विरुद्ध शनिवार सुबह संभागीय सड़क सुरक्षा दस्ता और आरटीओ इंदौर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। आरटीओ इंदौर प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में संभागीय सड़क सुरक्षा दस्ता प्रभारी परिवहन निरीक्षक आकाश सिटोले की टीम ने विभिन्न विद्यालय मार्गों पर मारुति वैन, ऑटो रिक्शा एवं स्कूल बसों की सघन जांच की। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन मारुति ओमनी वैन एवं एक ऑटो रिक्शा को जब्त किया गया। वहीं मोटरयान अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पर वाहन संचालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 23 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया।

## धान की रोपाई के दौरान खेत में पलटा ट्रैक्टर, चालक को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाला

सागर, (ए.)। मध्य प्रदेश के सागर जिले के देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में शनिवार को धान की रोपाई के लिए खेत तैयार करते समय ट्रैक्टर पलटने से चालक उसके नीचे दब गया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे में चालक की जान बच गई।



जानकारी के अनुसार देवरी के खंडेराव वार्ड निवासी देवेंद्र बैरागी शनिवार को ग्राम रामगढ़ में अंकु महाराज के खेत में धान की रोपाई के लिए पडलिंग (मिट्टी मचाने) का कार्य कर रहे थे। लगातार बारिश के कारण खेत में पानी भरा हुआ था और जमीन काफी दलदली हो चुकी थी।इसी दौरान ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। चालक देवेंद्र बैरागी वाहन के नीचे दब गए। घटना होते ही खेत में मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

# व्यापार समाचार

## सोने-चांदी की कीमतों में लगी आग, एक हफ्ते में 7 हजार रुपए तक उछले दाम, जानिए 10 ग्राम गोल्ड का लेटेस्ट रेट

नई दिल्ली (ए.) । वैश्विक अस्थिरता बढ़ने से सोने और चांदी में इस हफ्ते तेजी देखने को मिली, जिससे सोना और चांदी क्रमशः 2 हजार रुपए और 6 हजार रुपए से अधिक महंगे हो गए हैं। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम इस हफ्ते 2,622 रुपए बढ़कर 1,43,781 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि पहले यह 1,41,159 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था।22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 1,31,703 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,29,302 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 18 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 1,07,836 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,05,869 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इस हफ्ते सोने में सबसे न्यूनतम दाम 20 जुलाई को सुबह के सत्र में 1,41,915 रुपए प्रति 10 ग्राम देखा गया। वहीं, उच्चतम दाम 23 जुलाई को सुबह के सत्र में 1,45,557 रुपए प्रति 10 ग्राम देखा गया।सोने के साथ चांदी की कीमत में भी तेजी देखने को मिली है। चांदी का दाम 6,974 रुपए बढ़कर 2,22,721 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,15,474 रुपए प्रति किलो था। इस हफ्ते चांदी में उच्चतम दाम 22 जुलाई को सुबह के सत्र में 2,26,238 रुपए प्रति किलो देखा गया। वहीं, न्यूनतम दाम 24 जुलाई को सुबह के सत्र में 2,19,556 रुपए प्रति किलो देखा गया। आईबीजेए की ओर से दिन में दो बार सुबह और शाम के सत्र में सोने और चांदी की कीमतों को जारी किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने का दाम 4,055 डॉलर प्रति औंस और चांदी का दाम 58 डॉलर प्रति औंस के करीब पहुंच गया है।एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सोने और चांदी में तेजी की वजह वैश्विक स्तर अस्थिरता बढ़ना है। अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद इसमें और बढ़ोतरी हुई है।उन्होंने आगे कहा कि अगले हफ्ते ब्याज दरों पर आने वाला अमेरिकी फेड का फैसला सोने की दिशा तय करेगा।

## ईपीएफ का ब्याज अभी तक नहीं आया? एसएमएस का इंतजार छोड़िए, घर बैठे मिनटों में ऐसे चेक करें अपना बैलेंस

नई दिल्ली (ए.)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने 15 जुलाई से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तय 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज का पैसा पीएफ खातों में जमा करना शुरू कर दिया है। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से चल रही है और कई सदस्यों के मोबाइल पर ब्याज जमा होने के एसएमएस भी आने लगे हैं। अगर आपको अभी तक ईपीएफओ की तरफ से कोई मैसेज नहीं मिला है, तो बिल्कुल घबराने की जरूरत नहीं है। सभी खातों में पैसा एक साथ नहीं बल्कि अलग-अलग बैच में भेजा जा रहा है, इसलिए आपके अकाउंट में बैलेंस अपडेट होने में थोड़ा समय लग सकता है।

**पोर्टल पर पासबुक देखकर चेक करें अपना बैलेंस**

ब्याज का पैसा खाते में आया या नहीं, यह जानने के लिए आप एसएमएस का इंतजार किए बिना खुद भी ऑनलाइन जांच कर सकते हैं। इसके लिए सबसे आसान तरीका ईपीएफओ के यूनिफाइड मेंबर पोर्टल का इस्तेमाल करना है। आप पोर्टल पर लॉग इन करके मेंबर पासबुक सेक्शन में जा सकते हैं, जहां आपको अपना यूएएन (UAN) और पासवर्ड डालना होगा। लॉग इन करने के बाद आपको शुरुआती और अंतिम बैलेंस, कर्मचारी व नियोक्ता के योगदान और ब्याज की पूरी डिटेल मिल जाएगी। अगर आपके खाते में ब्याज का पैसा जमा हो चुका है, तो वह तुरंत आपकी पासबुक में नजर आ जाएगा।

**मिस्ड कॉल और एसएमएस से भी जान सकते हैं खाते का हाल**

अगर आप इंटरनेट या पोर्टल का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं, तो मोबाइल से मिस्ड कॉल या एसएमएस के जरिए भी बैलेंस चेक कर सकते हैं। इसके लिए बस आपका मोबाइल नंबर यूएएन से रजिस्टर्ड होना चाहिए। आप अपने रजिस्टर्ड नंबर से 011-22901406 पर मिस्ड कॉल देकर तुरंत पीएफ बैलेंस की जानकारी पा सकते हैं, जो कि एक पूरी तरह मुफ्त सेवा है। इसके अलावा, आप 7738299899 पर एक एसएमएस भेजकर भी अपने खाते का हाल जान सकते हैं।

# अमेरिका के धारा 301 उपायों के तहत भारत पर लगा कम शुल्क, 45 फीसदी निर्यात दायरे से बाहरः वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली (ए.) । सरकार ने कहा है कि अमेरिका ने कथित बंधुआ मजदूरी से जुड़ी धारा 301 के तहत उठाए गए कदमों के अंतर्गत भारत को 10 फीसदी अतिरिक्त शुल्क की निचली श्रणी में रखा है।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि धारा 301 के तहत अमेरिका द्वारा लगाए गए 10 फीसदी अतिरिक्त शुल्क के दायरे से भारत के करीब 45 फीसदी निर्यात अब भी बाहर हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय ने 23 जुलाई को अमेरिकी व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 301 के तहत संबंधित देशों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। मंत्रालय ने कहा कि यूएसटीआर ने भारत से आयात पर अतिरिक्त 10 फीसदी शुल्क लगाया है। अमेरिका ने शुरुआत में 12.5 फीसदी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा था। ये उपाय भारत सहित 60 देशों की अर्थव्यवस्थाओं के कृत्यों, नीतियों और प्रथाओं की जांच के बाद किए गए हैं, जो बंधुआ मजदूरी से उत्पादित वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने और उसके अनुपालन से संबंधित हैं।वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, "लगातार किए गए इन प्रयासों का नतीजा ये है कि भारत को अंतिम उपायों के तहत अतिरिक्त शुल्क के निचले स्तर में रखा गया है, जिससे प्रमुख क्षेत्रों में भारतीय निर्यात को तुलनात्मक लाभ मिलेगा।"

मंत्रालय ने कहा कि भारत के अमेरिका को होने वाले निर्यात का एक बड़ा हिस्सा, जिस पर वर्तमान में कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगता,



अतिरिक्त 10 फीसदी शुल्क के दायरे से बाहर बना हुआ हैं। इनमें जेनेरिक दवाएं, स्मार्टफोन और कुछ अन्य निर्दिष्ट उत्पाद शामिल हैं।इसके अलावा यूएसटीआर की धारा 232 उपायों के तहत पहले से शामिल इस्पात, एल्युमिनियम और वाहन कलपुर्जे जैसे उत्पाद इस अतिरिक्त 10 फीसदी शुल्क के अधीन नहीं हैं। अमेरिका व्यापार प्रशासन की धारा 232 में शामिल शुल्क सीमित अपवादों के साथ व्यापक रूप से सभी देशों पर लागू होते हैं।मंत्रालय ने कहा, "इन छूटों के कारण अनुमानतः भारत के अमेरिका को होने वाले निर्यात का 45 फीसदी हिस्सा अतिरिक्त 10 फीसदी शुल्क के दायरे से बाहर बना हुआ है।" मंत्रालय के मुताबिक बाकी 55 फीसदी निर्यात पर अतिरिक्त 10 फीसदी शुल्क लगेगा, लेकिन भारत पर शुल्क का प्रभाव जांच में शामिल अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। अंतिम उपायों में संदर्भित वस्त्र-विशिष्ट व्यवस्था को अभी स्थापित और लागू किया जाना बाकी है और भारत इस विषय पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए जारी वार्ताओं के हिस्से के रूप में अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखे हुए है।मंत्रालय ने कहा, "केंद्र सरकार इस साल दो फरवरी को घोषित और सात फरवरी को जारी संयुक्त बयान के अनुरूप भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने की दिशा में अमेरिका के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।" अंतिम उपायों में उल्लिखित वस्त्र संबंधी विशिष्ट तंत्र अभी तक स्थापित और कार्यान्वित नहीं किया गया है। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए चल रही वार्ताओं के तहत भारत इस मामले पर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है।

## आयकर रिटर्न दाखिल करने में सिर्फ छह दिन बाकी, अंतिम तिथि 31 जुलाई

नई दिल्ली (ए.)। इनकम टैक्स का भुगतान करने वाले करदाताओं के लिए आईटीआर दाखिल करना अनिवार्य है। आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तारीख बेहद नजदीक है। वित्त वर्ष 2025-26 (आंकलन वर्ष 2026-27) के लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तय है। आईटीआर फाइल करने के लिए अब सिर्फ छह दिन ही बचे हैं।

आयकर विभाग ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि आखिरी समय का इंतजार न करें, आकलन वर्ष 2026-27 के लिए अपना आईटीआर-1 और आईटीआर-2, 31 जुलाई, 2026 से पहले फाइल करें। विभाग ने कहा कि http://incometa&.gov.in पर जाकर अपना आयकर रिटर्न (आईटीआर) बिना किसी जुर्माने के दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से पहले दाखिल करें।आयकर विभाग ने कहा कि अधिकांश वेतनभोगी और व्यक्तिगत करदाताओं को 31 जुलाई की अंतिम तिथि और समय से बचने के लिए आधिकारिक इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल पर जाकर अपना रिटर्न जरूर दाखिल कर लेना चाहिए। अगर आप 31 जुलाई की अंतिम समय-सीमा को चूक जाते हैं, तो आपके पास बिलेटेड रिटर्न फाइल करने का विकल्प रहता है, लेकिन इसमें देरी करने पर आपको जुर्माना, अतिरिक्त ब्याज और कई टैक्स लाभ गंवाने पड़ सकते हैं।

# ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में महानदी अपतटीय बेसिन में पहले मूल्यांकन कुएं की ड्रिलिंग शुरु : हरदीप पुरी



नई दिल्ली, (ए.)। केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को महानदी अपतटीय बेसिन में पहले मूल्यांकन कुएं की ड्रिलिंग शुरू करने की घोषणा की है। पुरी ने इसको ऊर्जा आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में अहम कदम बताया है।हरदीप सिंह पुरी ने इस अवसर को "ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में भारत की यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत" बताया। उन्होंने कहा कि ड्रिलिंग की शुरुआत एक दशक के दूरदर्शी सुधारों का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि इन सुधारों ने देश के अन्वेषण और उत्पादन परिदृश्य को बदल दिया है।केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने सरकार के अन्वेषण सुधारों के तहत हुई प्रगति के बारे में बताते हुए बताया कि ओएएलपी के तहत लगभग 3.8 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 172 अन्वेषण ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जिनमें 4.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान ही लगभग 674 कुओं की खुदाई की गई, पांच नए भंडार खोजे गए और सात भंडारों से उत्पादन शुरू हुआ। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि हर एक मीटर की ड्रिलिंग हमें आयात पर निर्भरता कम करने, आत्मनिर्भरता मजबूत करने और विकसित भारत के सपने को साकार करने के करीब लाती है। उन्होंने इसके लिए ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय, तकनीकी भागीदारों और संपूर्ण अन्वेषण समुदाय को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आज शुरू हुई खुदाई भारत के अपतटीय अन्वेषण प्रयासों को और मजबूत करेगी और देश की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लक्ष्य में योगदान देगी।

## नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों को नकली 'एयर सुविधा 2.0' वेबसाइटों को लेकर दी चेतावनी

नई दिल्ली (ए.)। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को फर्जी 'एयर सुविधा 2.0' पोर्टलों से सतर्क रहने की चेतावनी दी है, जो उन यात्रियों को पेमेंट गेटवे पर भेजकर ठगी कर रहे हैं। मंत्रालय ने ये स्पष्ट किया है कि स्व-घोषणा फॉर्म भरना पूरी तरह निःशुल्क है। ऐसे में आधिकारिक पोर्टल 'एयर सुविधा 2.0' का ही उपयोग करें।नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि यात्रियों को नकली 'एयर सुविधा 2.0' वेबसाइटों से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि उन फर्जी वेबसाइटों और पोर्टल्स के बारे में ये चेतावनी जारी की गई, जो खुद को आधिकारिक 'एयर सुविधा 2.0' प्लेटफॉर्म बताते हैं और यूजर्स को पेमेंट गेटवे पर भेजते हैं। मंत्रालय ने बताया कि 'एयर सुविधा 2.0' की सेवाएं मुफ्त हैं और यात्रियों को 'सेल्फ-डिक्लेरेशन फॉर्म' (स्व-घोषणा पत्र) जमा करने के लिए कोई भी शुल्क नहीं देना होता है। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि संज्ञान में आया है कि कुछ फर्जी वेबसाइटें और पोर्टल एयर सुविधा 2.0 होने का ढोंग कर रहे हैं और यात्रियों को भुगतान गेटवे पर पुनर्निर्देशित करके उन्हें गुमराह कर रहे हैं।

# ईरानी जलक्षेत्र में एलपीजी टैंकर पर हमला, सभी 28 भारतीय नाविक सुरक्षित, दूतावास ने की पुष्टि



तेहरान(ए.) । ईरानी जलक्षेत्र में मोजाम्बिक के ध्वज वाले तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) टैंकर 'दिशा' पर हुए हमले के बाद जहाज पर सवार सभी 28 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है और स्थिति पर निकटता से नजर रख रहा है।

भारतीय दूतावास ने अपने बयान में कहा कि एलपीजी टैंकर 'दिशा' (आईएमओ संख्या- 8818219) से जुड़ी घटना की जानकारी प्राप्त होते ही संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया गया। दूतावास ने पुष्टि की कि जहाज पर सवार सभी 28 भारतीय चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं।

दूतावास के अनुसार, उसके अधिकारी लगातार घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बनाए हुए हैं। हालांकि, बयान में हमले की प्रकृति अथवा जहाज को हुए संभावित नुकसान के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए समुद्री सुरक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में नाविकों, नागरिक व्यापारिक जहाजों तथा महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना पर हमले स्वीकार्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का स्पष्ट मत है कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग सुरक्षित, निर्बाध और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप खुले रहने चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि नागरिक जहाजों और समुद्री कर्मियों को किसी भी प्रकार के संघर्ष का निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए।खाड़ी क्षेत्र में लगातार व्यापारिक जहाजों पर हो रहे हमलों और बढ़ते सुरक्षा संकट को देखते हुए भारत के समुद्री प्रशासन महानिदेशालय ने पहले ही जहाज स्वामियों, जहाज प्रबंधन कंपनियों तथा भर्ती एवं नियुक्ति सेवा लाइसेंस प्राप्त संस्थाओं को परामर्श जारी किया है।महानिदेशालय ने अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों की तैनाती से बचने की सलाह दी है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भारतीय नाविकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चौथी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की बात पर ट्रंप का मजाकिया ऐलान, अमेरिकी मीडिया ने बताया हास्यपूर्ण टिप्पणी

वॉशिंगटन(ए.) । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में आयोजित वार्षिक संवाददाता रात्रिभोज (व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर) के दौरान अपने संबोधन में चौथी बार राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की बात कहकर सभी का ध्यान आकर्षित किया। हालांकि अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ट्रंप का यह बयान मजाकिया अंदाज में दिया गया था और इसे औपचारिक चुनावी घोषणा नहीं माना जा रहा है।

प्रेस की स्वतंत्रता को समर्पित इस वार्षिक समारोह में पहली बार शामिल हुए ट्रंप ने लगभग एक घंटे के अपने भाषण में पत्रकारों, मीडिया संस्थानों और अपने राजनीतिक विरोधियों पर हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मित्रतापूर्ण चुटकुले भी सुनाए और साथ ही उन समाचार माध्यमों की आलोचना भी की, जिन्हें वह अक्सर फर्जी समाचार प्रसारित करने वाला बताते रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि मीडिया हमेशा उनके साथ निष्पक्ष व्यवहार नहीं करता, लेकिन वह पत्रकारिता के पेशे का सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी मजाक में कहा कि जब वह



सार्वजनिक जीवन से हट जाएंगे, तब समाचार उद्योग के पास रिपोर्ट करने के लिए कुछ खास नहीं बचेगा। इसके बाद ट्रंप ने ट्रंप 2028 लिखी टोपी पहनते हुए कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के चौथे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे हैं। उनके इस बयान पर समारोह में मौजूद लोगों ने हंसी और तालियों के साथ प्रतिक्रिया दी।यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने इस तरह का दावा किया हो। इससे पहले भी वह कई मौकों पर तीसरे या चौथे कार्यकाल को लेकर संकेतात्मक और हास्यपूर्ण टिप्पणियां कर चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी संविधान के 22वें संशोधन के अनुसार कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक अमेरिका का राष्ट्रपति नहीं बन सकता। इसलिए ट्रंप का यह बयान संवैधानिक रूप से संभव नहीं माना जाता और इसे राजनीतिक व्यंग्य तथा हास्य के रूप में देखा जा रहा है।डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2016 में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतकर अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति का पद संभाला था। वर्ष 2020 के चुनाव में उन्हें जो बाइडेन से पराजय का सामना करना पड़ा।

# खैबर पख्तूनख्वा के टैंक में आतंकी हमले में 14 सुरक्षाकर्मी समेत 15 की मौत, जवाबी कार्रवाई में 12 हमलावर ढेर



इस्लामाबाद(ए.)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले में एक संयुक्त पुलिस चेकपोस्ट पर हुए आतंकी हमले में 14 सुरक्षाकर्मियों समेत 15 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया।आईएसपीआर के हवाले से जीओ न्यूज ने बताया कि 23 और 24 जुलाई की दरमियानी रात आतंकवादियों ने चेकपोस्ट की सुरक्षा घेराबंदी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने तत्काल कार्रवाई कर उनके प्रयास को विफल कर दिया। इसके बाद भाग रहे आतंकवादियों का पीछा करते हुए 12 हमलावरों को मार गिराया गया।सेना ने बताया कि हमला विफल होने के बाद आतंकवादियों ने विस्फोटकों से लदे वाहन को चेकपोस्ट की बाहरी दीवार से टकरा दिया। इस शक्तिशाली विस्फोट में चेकपोस्ट को भारी नुकसान पहुंचा और 15 लोगों की जान चली गई। मृतकों में सेना के 12 जवान, दो पुलिस कर्मी और वन विभाग के एक पूर्व सरकारी अधिकारी शामिल हैं।

आईएसपीआर ने कहा कि इलाके में बचे हुए आतंकवादियों की तलाश के लिए सैनिटाइजेशन ऑपरेशन जारी है। सेना ने दोहराया कि देश से आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने के लिए सुरक्षा बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकवाद विरोधी अभियान लगातार जारी रखेंगी।

## नेपाल के सेना प्रमुख ने चीन की जनमुक्ति सेना की भूमिका को सराहा

काठमांडू, (ए.) । नेपाली सेना के प्रधान सेनापति अशोकराज सिग्देल ने कहा है कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) या जनमुक्ति सेना ने पंचशील के सिद्धांतों पर आधारित नेपाल-चीन संबंधों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। की पीएलए की स्थापना की 99वीं वर्षगांठ के अवसर पर काठमांडू स्थित चीनी दूतावास द्वारा शुक्रवार को आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नेपाली सेना और पीएलए के बीच संबंध मजबूत हैं और लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं।सिग्देल ने उल्लेख किया कि दोनों सेनाओं के बीच होने वाली नियमित उच्चस्तरीय यात्राओं और आदान-प्रदान ने द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

संयुक्त सैन्य अभ्यास ने आपसी विश्वास, समझ और सहयोग को और गहरा बनाया है।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले दिनों में भी नेपाली सेना और पीएलए के बीच सहयोग और अधिक विस्तारित होगा, जिससे नेपाल-चीन मैत्रीपूर्ण संबंध और मजबूत होंगे।इस अवसर पर नेपाल में चीन के राजदूत चांग माओमिंग ने कहा कि पिछले 99 वर्षों में पीएलए ने चीन की राष्ट्रीय स्वतंत्रता, मुक्ति, संप्रभुता, सुरक्षा एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के तीव्र विकास के साथ पीएलए के आधुनिकीकरण में उल्लेखनीय प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसने विश्व शांति में भी सकारात्मक योगदान दिया है।

## ब्रिटेन की नई सरकार में भारतीय मूल के सांसदों का बढ़ा प्रभाव, तीन युवा नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारियां

लंदन(ए.) । ब्रिटेन में नई सरकार के गठन के साथ ही भारतीय मूल के सांसदों की राजनीतिक भूमिका और प्रभाव पहले से अधिक मजबूत होता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने अपने नए मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए भारतीय मूल के तीन युवा सांसदों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ये नियुक्तियां ब्रिटेन की बहुसांस्कृतिक राजनीति और भारतीय समुदाय की बढ़ती भागीदारी का स्पष्ट संकेत हैं।

नई सरकार ने तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महिला सुरक्षा और समानता जैसे भविष्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों की जिम्मेदारी भारतीय मूल के नेताओं को सौंपी है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार नई पीढ़ी के नेतृत्व और विविध सामाजिक पृष्ठभूमि वाले जनप्रतिनिधियों पर भरोसा जता रही है।

नई कैबिनेट में सबसे अधिक चर्चा 36 वर्षीय भारतीय मूल के सांसद कनिष्क नारायण की हो रही है। वर्ष 2024 में पहली बार सांसद निर्वाचित हुए कनिष्क नारायण को कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंत्री बनाया गया है। तकनीकी विकास और डिजिटल नवाचार के इस दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता मंत्रालय को भविष्य की नीतियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में युवा सांसद को यह जिम्मेदारी सौंपना सरकार की प्राथमिकताओं को भी दर्शाता है।प्रधानमंत्री एंडी बर्नहैम ने अपनी अग्रिम संसदीय टीम में भारतीय मूल की दो सिख महिला सांसदों को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिए हैं। हरप्रीत उप्पल को सरकार में सहायक सचेतक नियुक्त किया गया है। बताया जाता है कि उन्होंने पहले भी एंडी बर्नहैम के चुनावी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसका अनुभव उन्हें नई जिम्मेदारी तक पहुंचाने में सहायक रहा।वहीं सतवीर कौर को सुरक्षा, महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध हिंसा की रोकथाम तथा समानता मामलों की मंत्री बनाया गया है। उनके माता-पिता पंजाब से जुड़े रहे हैं और लंबे समय तक ब्रिटेन में व्यवसाय करते रहे हैं। नई नियुक्तियों के बाद ब्रिटिश सरकार की अग्रिम संसदीय टीम में अब दो हिंदू और दो सिख सांसद शामिल हो गए हैं। इसके अलावा श्रीलंकाई मूल की उमा कुमारन को विदेश मंत्रालय में कनिष्ठ मंत्री नियुक्त किया गया है। इससे स्पष्ट है कि नई सरकार विभिन्न समुदायों को प्रतिनिधित्व देने की नीति पर विशेष बल दे रही है।

# फीचर

# जरूरत से ज्यादा सोचते हैं? इन 5 चीजों को करना छोड़ें



अक्सर लोग किसी न किसी बात को लेकर ज्यादा सोचते रहते हैं। इससे उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और वे कई बार जरूरी काम भी नहीं कर पाते हैं। ज्यादा सोचने से आप अपने जीवन में कई बार अनजाने में तनाव भी बढ़ा लेते हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे आपको ज्यादा सोचने की बजाय उन्हें छोड़ने पर ध्यान देना चाहिए।

### दूसरों की राय पर ध्यान देना

दूसरों की राय पर ज्यादा ध्यान देना छोड़ें। अक्सर लोग दूसरों की राय को बहुत अहमियत देते हैं और अपने फैसले उनके कहने पर बदल लेते हैं।इससे आपके आत्मविश्वास पर असर पड़ता है और आप अपने असली मकसद से भटक जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी जिंदगी खुद जिएं और दूसरों की राय को नजरअंदाज करें।इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप अपने लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

### असफलताओं से डरना

असफलताओं से डरना छोड़ दें। असफलताएं जीवन का हिस्सा होती हैं और उनसे डरकर आगे बढ़ने में रुकावट आती है।अगर आप हर असफलता को एक सीख मानकर उसे सुधारने की कोशिश करेंगे तो आपके लिए आगे बढ़ना आसान होगा।असफलताओं से डरना छोड़ दें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहेंगे।

### भविष्य की चिंता करना

भविष्य की चिंता करना छोड़ दें। भविष्य को लेकर चिंता करना सामान्य बात है, लेकिन इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा नहीं बनने देना चाहिए।वर्तमान में जीने की कोशिश करें और अपनी ऊर्जा अपने कामों में लगाएं। इससे न केवल आपका मानसिक तनाव कम होगा, बल्कि आप अपने लक्ष्यों को बेहतर तरीके से प्राप्त कर सकेंगे।याद रखें कि आज का काम आज ही पूरा करना चाहिए, ताकि भविष्य में कोई चिंता न रहे।

### दूसरों की तुलना करना

दूसरों की तुलना करना छोड़ दें। हर व्यक्ति अलग होता है और उसकी अपनी खासियत होती हैं। किसी दूसरे व्यक्ति से अपनी तुलना करना गलत है क्योंकि इससे आपकी आत्मविश्वास कमजोर होता है।इसके बजाय अपनी प्रगति पर ध्यान दें और खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें।अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें और दूसरों से प्रेरणा लें, लेकिन उनकी तुलना न करें। इससे आप अपनी मंजिल तक पहुंचने में सफल होंगे और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

### हर चीज को बिल्कुल सही बनाने की कोशिश

हर चीज बिल्कुल सही होनी चाहिए, ऐसा सोचना गलत है क्योंकि इससे तनाव बढ़ता है और आप अपने असली मकसद से भटक जाते हैं।बेहतर होगा कि आप अपने काम को बेहतरीन बनाने की कोशिश करें, लेकिन उसे बिल्कुल सही न बनाने की सोचें।इससे आपका मानसिक दबाव कम होगा और आप अपनी जिंदगी का आनंद ले सकेंगे। याद रखें कि कोई भी इंसान या काम पूरी तरह से सही नहीं होता।

## बड़े पर्दे पर पहली बार खुद को देख इमोशनल हुईं डोनल बिष्ट, बोलीं- अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है



टीवी अभिनेत्री डोनल बिष्ट कॉमेडी-थ्रिलर फिल्म एमआरपी से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया है। तेलुगु सिनेमा में अपना अनुभव शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि खुद को पहली बार बड़े पर्दे पर देखना उनके लिए एक यादगार पल में से एक था। हैदराबाद में एमआरपी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान अभिनेत्री ने खुद को बड़े पर्दे पर देखने के इमोशनल पल को याद करते हुए कहा, एक अलग माध्यम और भाषा में काम करना मेरे लिए बेहद शानदार था। तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री अपनी शानदार कहानियों और फिल्म निर्माताओं की वजह से दुनियाभर में अलग पहचान रखता है और ऐसी जगह से इतना प्यार मिलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। डोनल बिष्ट ने कहा कि हिंदीभाषी दर्शक भी तेलुगु फिल्मों को उतना ही प्यार देते हैं। मैं बहुत खुश हूं कि साउथ फिल्म इंडस्ट्री ने मुझे खुले दिल से स्वीकार किया। मेरे मन में सिर्फ आभार है और मैं खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस करती हूं।अभिनेत्री ने कहा, मैंने टीवी और वेब प्लेटफॉर्म पर काम किया है, लेकिन खुद को पहली बार इतने बड़े पर्दे पर देखना बहुत भावुक कर देने वाला था।

# ब्लैक लहंगे में जाह्नवी कपूर का कातिलाना अंदाज, डीप-नेक ब्लाउज ने लूटी महफिल

बॉलीवुड की यंग जनरेशन की सबसे चर्चित और फैशनेबल अभिनेत्रियों में से एक, जाह्नवी कपूर अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने से कभी पीछे नहीं हटतीं।

हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ ऐसी तस्वीरें साझा की हैं, जिन्हें देखकर फैंस की धड़कनें तेज हो गई हैं। इस बार जाह्नवी ने ऑल-ब्लैक एथनिक लुक चुना है, जिसमें उनका ग्लैमर और बोल्डनेस साफ झलक रही है।



जाह्नवी कपूर के इस लुक की सबसे बड़ी यूएसपी उनका खूबसूरत ब्लैक लहंगा है। उन्होंने एक डीप-नेकलाइन वाला ब्लाउज कैरी किया है, जिस पर चमकीले रंगों की बेहद बारीक और हैवी एम्ब्रॉयडरी की गई है। ब्लाउज के निचले हिस्से पर लगे रंग-बिरंगे लटकन उनके लुक को थोड़ा फंकी और अट्रैक्टिव टच दे रहे हैं।

इसके साथ ही, लहंगे के बॉर्डर पर की गई हेरिटेज कढ़ाई और लाल रंग की पाइपिंग उनके पूरे आउटफिट को शाही लुक दे रही है। साथ में ब्लैक शीयर दुपट्टा उनके इस स्टाइल को मुकम्मल कर रहा है।तस्वीरों में जाह्नवी कपूर का कॉन्फिडेंस देखने लायक है। कभी वह कैमरे की तरफ देखकर अपनी नशीली आंखों से जादू बिखेर रही हैं, तो कभी साइड प्रोफाइल फ्लॉन्ट करते हुए कैंडिड पोज दे रही हैं। वह अपना परफेक्ट फिगर और एब्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। जाह्नवी ने न्यूड-ग्लॉसी मेकअप, सटल ब्लश और माथे छोटी सी लाल बिंदी के साथ अपना लुक कम्प्लीट किया है। जाह्नवी ने अपने बालों को वेवी रखते हुए खुला छोड़ा है, जो उनके कंधों पर बिखरकर उनके लुक को और भी सिडक्टिव बना रहे हैं। ज्वेलरी की बात करें तो, उन्होंने कानों में बड़े झुमके, हाथों में मैचिंग भारी कंगन और नाक में एक छोटी सी नथ पहनी है, जो उनके इस एथनिक ग्लैमर को और अधिक निखार रही है।

## फिल्म प्रहार-द उ वल निकम स्टोरी का दमदार टीजर जारी, कसाब के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने आए राजकुमार राव

राजकुमार राव अपने करियर का सबसे अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार लेकर दर्शकों के सामने आ चुके हैं। उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी का दमदार टीजर जारी हो गया है। अविनाश अरुण द्वारा निर्देशित यह एक बायोग्राफिकल फिल्म है, जिसमें अभिनेता को भारत के जाने-माने वकील उज्ज्वल निकम के किरदार में नजर आए हैं। मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित प्रहार में वामिका गब्बी और जयदीप अहलावत भी मौजूद हैं। टीजर के साथ रिलीज तारीख भी आ गई है।

टीजर की शुरुआत राजकुमार के किरदार उज्जव निकम से होती है, जो अदालत को 26/11 आतंकवादी हमले की याद दिलाकर अजमल कसाब को फांसी देने की मांग करते हैं। वकील का कोट पहने और मूंछ लगाए अभिनेता का लुक अब तक का सबसे अलग और दमदार लगा है। वामिका उनकी पत्नी बनी हैं, जबकि जयदीप अन्य वकील के किरदार में हैं। सिकंदर खेर भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 7 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।कोर्ट में उज्जवल निकम के किरदार में राजकुमार की दलीलें और एक्टिंग रोंगटे खड़ी कर देने वाली है। तर्क पेश करते हुए उनके चेहरे पर गुस्सा और आंखों में आंसू देखने वाले होते हैं। मूंछों वाला लुक राजकुमार राव पर फब रहा है।

# क्या खराब नींद से हाई ब्लड प्रेशर का खतरा बढ़ सकता है? जानिए

हाई ब्लड प्रेशर एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो दिल की बीमारियों और अन्य कई जटिलताओं का कारण बन सकती है। नींद की गुणवत्ता का हाई ब्लड प्रेशर पर गहरा असर पड़ता है। अगर आप रात को ठीक से सो नहीं पाते हैं तो इससे आपकी धड़कनें तेजी से चलने लगती हैं और आपका ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। आइए जानें कि सोने से पहले की गई गलतियां हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकती हैं।

### सोने से पहले भारी खाना खाना

सोने से पहले भारी खाना खाना एक आम गलती है, जिसे हमें सुधारने की जरूरत है। रात का खाना सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले कर लेना चाहिए।भारी खाने से पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे नींद खराब हो सकती है और ब्लड प्रेशर भी प्रभावित होता है।इसके अलावा भारी खाने से एसिडिटी और पेट से जुड़ी अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं, जो ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकती हैं।

### चाय या कॉफी का सेवन करना

सोने से पहले चाय या कॉफी जैसे पेय पदार्थों का सेवन भी हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकता है। इनमें कैफीन होता है, जो नींद को प्रभावित कर सकता है और ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है। कैफीन से शरीर में



उत्तेजना बढ़ती है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है और ब्लड प्रेशर भी अस्थिर हो सकता है। इसलिए रात को सोने से पहले कैफीन का सेवन न करें।

### मोबाइल या टीवी का उपयोग करना

रात को सोने से पहले मोबाइल फोन, लैपटॉप या टीवी का उपयोग करना भी एक गलत आदत है। इन उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी हमारी आंखों और दिमाग पर बुरा असर डालती है, जिससे नींद आने में कठिनाई होती है।इसके अलावा रात में इनका उपयोग करने से हमारा दिमाग सक्रिय रहता है, जिससे ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। इसलिए सोने से पहले इनका उपयोग न करें।

### तनावपूर्ण काम करना

सोने से पहले किसी भी प्रकार के तनावपूर्ण काम करना भी सही नहीं है। जैसे कि काम का बोझ या कोई गंभीर चर्चा करना इनसे बचना चाहिए। इनसे हमारा मन अशांत रहता है, जिससे नींद अच्छी नहीं आती और ब्लड प्रेशर भी प्रभावित होता है।बेहतर होगा कि सोने से पहले कुछ हल्की-फुल्की गतिविधियां करें जैसे कि किताब पढ़ना या संगीत सुनना, जिससे मन शांत रहता है और नींद अच्छी आती है।

### शराब का सेवन करना

रात को शराब पीना भी एक गलत आदत है। भले ही कुछ लोग मानते हों कि शराब पीने से नींद जल्दी आ जाती है, लेकिन यह गलत है। शराब पीने से नींद अच्छी नहीं आती और बार-बार उठना पड़ता रहता है।

इसके अलावा शराब पीने से ब्लड प्रेशर अस्थिर हो सकता है। इसलिए रात को शराब पीने से बचना चाहिए और इसके बजाय पानी या हर्बल चाय पीनी चाहिए।

# बारिश का आनंद लें लेकिन सुरक्षा और स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान- डॉ आशीष चटर्जी

## द चैम्प्स फन स्कूल में प्री.प्राइमरी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मनाया अम्ब्रेला डे







नर्मदापुरम (निप्र)। ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में आज प्ले ग्रुप से यूकेजी तक के विद्यार्थियों के लिए अम्ब्रेला डे का रंगारंग आयोजन बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी प्रिंसिपल डॉण आशीष चटर्जी वाइस प्रिंसिपल श्रीमती काकोली रॉय चौहान स्कूल कॉर्डिनेटर श्रीमती रीना मालवी एकेडमिक कॉर्डिनेटर सुश्री स्नेहा शर्मा तथा एडमिन ऑफिसर श्रीमती विनीता जसलानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ आशीष चटर्जी एवं डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात वाइस प्रिंसिपल श्रीमती काकोली रॉय चौहान ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में एलकेजी के विद्यार्थियों ने छतरी मेरी रंग.बिरंगी गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद यूकेजी के बच्चों ने आकर्षक सोलो डांस प्रस्तुत किया तथा नर्सरी के नन्हे.मुन्ने विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु पर आधारित सुंदर कविता सुनाकर सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ आशीष चटर्जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए वर्षा ऋतु में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को बारिश में अनावश्यक रूप से भीगने से बचने छाता एवं रेनकोट का उपयोग करने गंदे पानी में न खेलने स्वच्छता बनाए रखने तथा मौसम के अनुसार अपनी देखभाल करने की प्रेरणा दी। साथ ही बच्चों से संवाद करते हुए बारिश से जुड़े कई रोचक प्रश्न भी पूछे जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्री.प्राइमरी फैंसी ड्रेस रहा। इस दौरान बच्चे रेनकोट अम्ब्रेला रेनबो फिश डॉल्फिन बटरफ्लाई कॉर्न पीनट तथा अन्य आकर्षक रूपों में मंच पर आए। उनकी रंग.बिरंगी वेशभूषा एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के समापन पर प्ले ग्रुप से यूकेजी तक के सभी विद्यार्थियों ने जुबी डुबी गीत पर ऊर्जावान समूह नृत्य प्रस्तुत कियाए जिससे पूरा वातावरण आनंद और उत्साह से भर गया।

इसके पश्चात सभी बच्चों एवं अतिथियों के साथ फोटो सेशन आयोजित किया गया। संचालन सुश्री प्रियंका खत्री एवं सुश्री रिचा सोनी ने किया। मंच संचालन में नन्हे.मुन्ने एंकर्स ने भी पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभाई।

यूकेजी से अनायशा दुबे रॉनिश काशवानी एवं मान्विक सिंह तथा एलकेजी से नायरा खत्री नितांशी पटेल एवं श्रेयांवी दुबे ने अपनी शानदार एंकरिंग से सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती नेहा राठौर एवं सुश्री अनुश्री त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा। अम्ब्रेला डे का यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ.साथ सीख का भी एक सुंदर अवसर बनाए जिसमें उन्होंने वर्षा ऋतु से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

# नर्मदापुर से नर्मदापुरम तक पुस्तक के लेखन से बहुत आनंद आया-रेखा रतनानी

### लाला अर्जुल सिंह के किस्से सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगा, मैंने पुस्तक में उनके बारे में लिखा भी है




नर्मदापुरम(निप्र)। नर्मदापुर से नर्मदापुरम तक पुस्तक के लेखन में मुझे बहुत आनंद आया। इसमें भी लाला अर्जुल सिंह के किस्से सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगा, मैंने पुस्तक में उनके बारे में लिखा भी है। मैं छत्तीसगढ़ की बेटी और नर्मदापुरम की बहू हूं। मेरे लिए यह कार्य आसान नहीं था। लेकिन बहुत सी पुस्तकों और बहुत से जानकारों से जानकारी लेकर पुस्तक तैयार की है। यह बात नर्मदापुर से नर्मदापुरम तक की लेखिका रेखा रतनानी शिवनंदनी ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। पुस्तक तैयार होने के बाद मैंने अपने गुरू वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार पंकज पटेरिया को बताई उनका मुझे बहुत मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने इस पुस्त्क में नर्मदापुरम नगर के इतिहास क्षेत्र के धार्मिक स्थलों, पूरा वैभव, स्वाधीनता संग्राम में स्थानीय राष्ट्र प्रेमियों की भागीदारी, अंचल की कला और साहित्य परंपराएं, किस्सा गोई शैली में अभिव्यक्त कर विकास सहित विविध पक्षों को समेटने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मेरा प्रयास विविध आयामों पर सामग्री का समावेश रहा है, कृति में विशिष्ट जन से की गई चर्चा भी रोचक तरीके से शामिल की गई है। यह कृति लोक परंपराओं और इस अंचल की प्रगति में रुचि रखने वाले शोधार्थियों के लिए लाभकारी पठनीय और संग्रहणीय सिद्ध होगी। लेखिका श्रीमती रतनानी ने कहा कि लेखन के दौरान अनेक कठिनाई आई लेकिन मेरे परिवार ने मुझे पूरा साथ दिया।

# प्रिया बड़कुर की सफलता जिले की बेटियों के लिए प्रेरणा

## मेहनत और संकल्प से हर लक्ष्य संभव- प्रीति शुक्ला

### *नीट यूजी में रावनपीपल की प्रिया ने हासिल किए 682 अंक ऑल इंडिया रैंक 1505 भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने घर पहुंचकर किया सम्मान*

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रतिभा जब कठिन परिश्रम अनुशासन और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प से जुड़ती है तो सफलता की नई मिसाल कायम होती है। सिवनी मालवा तहसील के ग्राम रावनपीपल की होनहार छात्रा प्रिया मुकेश बड़कुर ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 720 में से 682 अंक प्राप्त कर नर्मदापुरम जिले और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिया की इस उपलब्धि पर भाजपा नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने उनके निवास पहुंचकर स्वागत एवं सम्मान किया और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### प्रीति शुक्ला ने घर पहुंचकर बढ़ाया बेटी का हौसला

प्रिया की उपलब्धि पर भाजपा नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ग्राम रावनपीपल स्थित उनके निवास पहुंचीं। उन्होंने प्रिया का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए परिवार को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी पूरे जिले के लिए गौरव का विषय हैं।



### बेटियों को अवसर और प्रोत्साहन मिले तो वे हर क्षेत्र में इतिहास रच सकती हैं

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा बिटिया प्रिया बड़कुर ने प्रतिष्ठित और कठिन प्रतियोगी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर न केवल अपने माता.पिता बल्कि सिवनी मालवा और पूरे नर्मदापुरम जिले को गौरवान्वित किया है। 682 अंक और ऑल इंडिया रैंक 1505 हासिल करना उनकी कड़ी मेहनत अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। प्रिया की सफलता जिले की दूसरी बेटियों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# भगवान का स्वर्ण वेश दर्शन कर भक्त अभिभूत



नर्मदापुरम। अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में भगवान जगन्नाथ के स्वर्ण वेश दर्शन उत्सव हुआ। भगवान का स्वरूप देखकर भक्त अभिभूत हो गए। भगवान ने आज सोने से बने हुए हाथ ओर पैर धारण किए। भगवान के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

इस दौरान ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा ने भगवान की आरती की। इसके बाद नमन तिवारी, राम परसाई और आनंद नामदेव द्वारा भगवान की सेवा में भजनों की प्रस्तुति दी। रविवार शाम 5 बजे भगवान का आधार अर्पण कार्यक्रम हुआ।

### "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान के अंतर्गत जीनियस प्लानेट स्कूल, इटारसी में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

इटारसी (निप्र)। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 25 जुलाई 2026 को जीनियस प्लानेट स्कूल, इटारसी में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक सुश्री स्नेहा चंदेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा एवं समाज पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने, अपने मित्रों एवं परिवार को भी जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान की जानकारी दी गई तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में सभी की सहभागिता पर बल दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपना सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।नर्मदापुरम पुलिस द्वारा नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत जिलेभर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा रहा है।

### समेरिटंस स्कूल में जूनियर विंग एनसीसी कैडेट की भर्ती'

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश गर्ल्स बटालियन से संबंध समेरिटंस हायर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम में कमान अधिकारी कर्नल एपी सिंह के निर्देशानुसार संस्था परिसर में जूनियर विंग के एनसीसी कैडेट्स की भर्ती की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। बच्चों से दौड़ लगवाई गई एवं उनकी हाइट भी देखी गई। इसके बाद लिखित परीक्षा भी ली गई। 60 विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थियों का चयन एनसीसी कैडेट्स के लिए किया गया। संस्था प्राचार्य श्रीमति प्रेरणा रावत एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव भर्ती प्रक्रिया दौरान पूरे समय उपस्थित रहे और एनसीसी कैडेट्स का उत्साह वर्धन किया डा शर्मा ने भर्ती हो रहे बच्चों को एनसीसी का महत्व बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र अनुशासन साहस धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण साहसिक भावना और निस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करके उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करना है। इस भर्ती प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए एनसीसी सेकंड अफसर विजय प्रकाश श्रीवास्तव बटालियन से पधारे हवलदार मुकेश डोगरा रिटायर्ड आर्मी हवलदार हेमराज पटेल खेल अधिकारी वैशाली तिवारी के द्वारा संपन्न कराई गई।

### दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद माया नारोलिया की केंद्रीय संचार मंत्री से सौजन्य भेंट

### दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी पर हुई सार्थक चर्चा

नर्मदापुरम (निप्र)। दिल्ली प्रवास के दौरान राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।भेंट के दौरान सांसद श्रीमती नारोलिया ने एक औपचारिक पत्र सौंपते हुए नर्मदापुरम (होशंगाबाद) जिले के दूरस्थ एवं वनांचल जनजातीय क्षेत्रों, विशेषकर केसला ब्लॉक और सतपुड़ा से लगे ग्रामीण इलाकों में मोबाइल नेटवर्क तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या की ओर केंद्रीय मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने बताया कि नेटवर्क के अभाव के कारण जहाँ एक ओर विद्यार्थियों की शिक्षा और डिजिटल शिक्षण प्रभावित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद किसानों को ई-उपार्जन प्रणाली, ऑनलाइन पंजीयन तथा डिजिटल लेन-देन (UPI) का लाभ लेने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# सतपुड़ा की वादियों में दौड़ेगा उत्साह, आज आठवीं पचमढ़ी मानसून मैराथन

### खेल, पर्यटन और रोमांच का अनूठा संगम बनेगी मैराथन, देश-विदेश के धावकों के साथ बुजुर्ग, बच्चे और दिव्यांग भी होंगे सहभागी




नर्मदापुरम(निप्र)। मध्यप्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल पचमढ़ी में 26 जुलाई को आयोजित होने वाली आठवीं पचमढ़ी मानसून मैराथन खेल, पर्यटन, रोमांच और प्रकृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगी। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड, जिला प्रशासन नर्मदापुरम एवं एडवेंचर्स एंड यू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह प्रतिष्ठित मैराथन सतपुड़ा की हरी-भरी वादियों, घने जंगलों, झरनों और बादलों से आच्छादित प्राकृतिक वातावरण के बीच प्रतिभागियों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करेगी। यह आयोजन प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म और स्पोर्ट्स टूरिज्म को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि पचमढ़ी प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर के आयोजन किए जाते हैं। पचमढ़ी मानसून मैराथन न केवल खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्राकृतिक ट्रैक पर दौड़ने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को सतपुड़ा की अनुपम प्राकृतिक धरोहर से भी परिचित कराती है। उन्होंने बताया कि आयोजन के सफल संचालन के लिए सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। रेस डायरेक्टर मितेश राम्भिया ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन 5, 10, 21 एवं 42 किलोमीटर की चार श्रेणियों में किया जाएगा। यह मैराथन वर्ल्ड एथलेटिक्स एवं एआईएमएस (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन्स एंड डिस्टेंस रेस) से प्रमाणित है, जो इसकी अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी बड़ी संख्या में धावक हिस्सा लेंगे। इस वर्ष मैराथन का विशेष आकर्षण यह रहेगा कि युवा प्रतिभागियों के साथ बुजुर्ग, बच्चे एवं दिव्यांग प्रतिभागी भी विभिन्न श्रेणियों में अपनी खेल भावना और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देंगे। यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि फिटनेस, समावेशिता और स्वस्थ जीवनशैली का भी प्रभावी संदेश देगा।प्रतिभागियों को टाइमिंग चिप, टी-शर्ट, फिनिशर मेडल, प्रमाण-पत्र, रिफ्रेशमेंट तथा संपूर्ण रूट सपोर्ट उपलब्ध कराया जाएगा। विभिन्न आयु वर्गों में पुरुष एवं महिला श्रेणी के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई जारी



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत परिवहन करने वाले दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान ग्राम रायपुर, तहसील नर्मदापुरम से अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर पुलिस थाना देहात की अभिरक्षा में रखा गया। वहीं ग्राम नानपा, तहसील डोलरिया में अवैध रेत परिवहन करते पाए गए एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त कर पुलिस थाना डोलरिया की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया।यह कार्रवाई नायब तहसीलदार डोलरिया, खनि निरीक्षक एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जब्त किए गए वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# टैगोर पब्लिक स्कूल एवं जीनियस प्लानेट स्कूल में विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ

नर्मदापुरम (निप्र)। नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस थोटा मार्गदर्शन में पुलिस विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में टैगोर पब्लिक स्कूल, नर्मदापुरम तथा जीनियस प्लानेट स्कूल, इटारसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों के खो-खो खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड़ नर्मदापुरम**
**दूरभाष क्रमांक 07574-253119**
**Email Address-eephedhos@mp.nic.in**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना::**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं ऑनलाईन प्रस्तुत किये जावेंगे। ऑनलाईन वित्तीय ऑफर दिनांक 04.08.2026 शाम 17.00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| निविदा सूचना क्रमांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (PAC) (रू.में) | धरोहर राशि (e-EMD) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 05/26-27 Date 20-07-2026 | 2026_PHED_522971_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-10 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 1195000/- | 23900/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 06/26-27 Date 20-07-2026 | 2026_PHED_523107_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-10 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 1195000/- | 23900/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 07/26-27 Date 20-07-2026 | 2026_PHED_523110_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-10 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 1195000/- | 23900/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 08/26-27 Date 20-07-2026 | 2026_PHED_523122_1 | Drilling of 350/150mm Dia Gravel Packed Tube well [75 mtr Deep] Including Installation of Handpums-10 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 1195000/- | 23900/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |
| 09/26-27 Date 20-07-2026 | 2026_PHED_523127_1 | Drilling of 350/150mm Dia Combination Tube Wells (350/150mm dia graval packed + 150 mm dia ordinary) 120 m deep- including Installation of Handpums- 10 Nos. in various Villages/ Habitations of All District Narmadapuram. | 1308000/- | 26160/- | 2000/- | 45 दिवस (वर्षा काल रहित) | - |

जी/16191/26

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**नर्मदापुरम**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**


*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*